हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 23 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 28 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

8 मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में भारी भीड़....



8 दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हो रहा समान विकास : मिड्ढा



## खबर संक्षेप

### सोनीपत रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का हुआ ट्रायल

**जींद।** सोनीपत रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल रविवार को भी हुआ। ट्रेन ने सोनीपत तक एक चक्कर लगाया और वापस जींद जंक्शन पहुंची। रविवार को हाइड्रोजन ट्रेन सुबह साढ़े 11 बजे सोनीपत के लिए रवाना हुई जोकि दो बजे सोनीपत जंक्शन पहुंची। यह ट्रेन जींद से सानीपत के बीच हर स्टॉप पर ठहराव किया गया। इसके बाद ट्रेन शाम पांच बजे जींद जंक्शन पहुंची। हाइड्रोजन ट्रेन देश की पहली ऐसी परियोजनाओं में शामिल है। जिसमें पर्यावरण के अनुकूल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

### एटीएम कार्ड बदलकर 20 हजार की ठगी

**कैथल।** कलायत में एक व्यक्ति से एटीएम बदलकर 20 हजार रुपए की ठगी कर ली। मामले में कलायत थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जुलानीखेड़ा निवासी होशियार सिंह ने बताया कि 9 मार्च को वह कलायत में एटीएम से पैसे निकालने गया था। पहले उसने एसबीआई एटीएम से रुपए निकालने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण वह सफल नहीं हो सका।

### पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में व उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा के नेतृत्व में डिडवाड़ा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को शांति, सद्भाव एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च में तहसीलदार सफीदों राजेश कुमार गर्ग, थाना प्रबंधक सदर सफीदों, थाना प्रबंधक शहर सफीदों तथा थाना प्रबंधक पिल्लूखेड़ा सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना सीवन क्षेत्र में रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर गाड़ी चढ़ाकर तथा लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव हिम्मतपुरा निवासी हरपाल सिंह की शिकायत अनुसार वह पेशे से पशु चिकित्सक है, 20 मार्च को वह गांव ककहेड़ी डेरा में दवाई देने के बाद कांगथली-पाबसर रोड से होते हुए प्रीत मेडिकल पर दवाई लेने गया था।

### हत्या करने के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना शहर क्षेत्र में महिला की हत्या के मामले में सीआईए-1 तथा थाना शहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुनीता निवासी मौड़ मंडी, जिला बठिंडा (पंजाब) की शिकायत के अनुसार उसकी बेटी शालू की शादी वर्ष 2018 में कैथल निवासी अरुण के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही आरोपी अरुण नशे का आदी हो गया तथा नशीले पदार्थों के अवैध धंधे में लिप्त हो गया।

### ट्राई लेने गए तीन युवक गाड़ी लेकर फरार

**जींद।** पुरानी कार खरीदने आए तीन युवकों ने कार की ट्राई लेने के बहाने साथ बैठे मालिक को धक्का दे दिया और कार लेकर फरार हो गए। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने उसे गोली मारने की धमकी दी और कार में रखे 10 हजार रुपये की नकदी भी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विकास नगर निवासी विजय कुमार ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

## महापंचायत में पहुंचे हरियाणा-यूपी समेत 165 खापों, तपों और पंचायतों के प्रधान व प्रतिनिधि बोले

# सिंधु परिवार ने हमेशा हमारा मान-सम्मान रखा, हम सभी इनके साथ खड़े रहेंगे

- जाट धर्मशाला में सर्वजातीय भाईचारा महापंचायत ने कायम की मिसाल
- सिंधु परिवार ने की खाप सरदारी के समाज में योगदान की प्रशंसा

कुलदीप संधू ▸▸| जींद

जींद की जाट धर्मशाला में रविवार को सर्वजातीय भाईचारा महापंचायत ने सामाजिक सद्भाव और न्याय की मिसाल पेश की। इस महापंचायत में हरियाणा सहित पड़ोसी प्रदेशों से लगभग 165 खापों, तपों और पंचायतों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधान और प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने कहा कि सिंधु परिवार ने हमारा मान सम्मान रखा है, इसलिए सभी इस परिवार के साथ हैं और जहां भी जरूरत होगी सभी साथ खड़े होंगे। यह महापंचायत 2016 में कैप्टन अभिमन्यु की कोठी में आगजनी के आरोपियों को रिहा होने के संबंध में की गई थी। महापंचायत में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, उनके बड़े भाई वीरसेन सिंधु, व्रतपाल सिंधु, छोटे भाई मेजर सत्यपाल सिंधु को पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया गया। महापंचायत में सिंधु परिवार ने भी खाप सरदारी को नमन किया और समाज में उनके योगदान की जमकर प्रशंसा की। महापंचायत की अध्यक्षता सतरोल खाप के प्रधान संदीप खर्ब ने की। यह महापंचायत करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले 84 खाप के प्रधान चौधरी हरदीप सिंह अहलावत विशेष रूप से महापंचायत में मौजूद रहे।

### भावुक कैप्टन अभिमन्यु ने महापंचायत में रखी बात

जाट धर्मशाला में आयोजित महापंचायत में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने भावुक होकर अपनी बात रखी। सबसे पहले उन्होंने सतरोल खाप के प्रधान संदीप खर्ब, जिनके आह्वान पर यह महापंचायत बुलाई गई और 84 खाप के प्रधान चौधरी हरदीप सिंह, दादरी से पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान का आभार व्यक्त किया। महापंचायत में कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमारी माता जी का स्वर्गवास हो चुका है वो कहती थी कि सभी को प्रेम और सौहार्द से रहना चाहिए। उन्होंने प्रभु से हमेशा यही प्रार्थना की कि सबके घरों में सुख शांति बनाए रखना। कैप्टन ने कहा कि पहले ही दिन से हमारे परिवार के मन में कोई गिला-शिकवा नहीं था। इस सरदारी ने जो इज्जत बख्शी है व मान-सम्मान दिया है वो इसे कभी भुला नहीं सकते हैं। वास्तव में हम भगवान स्वरूप इस सारी सरदारी को सिर झुका कर वो नमन करते हैं। महापंचायत में सतरोल खाप के सचिव बिजेन्द्र नन्हा ने कहा कि सिंधु परिवार हमेशा खाप पंचायतों के साथ रहा है। सभी खाप पंचायत सिंधु परिवार के साथ हैं।

### एक कमेटी बनाई जाए : अरुण जैलदार

महापंचायत में 52 खाप के अध्यक्ष अरुण जैलदार ने कहा कि हम चाहते हैं कि एक कमेटी ऐसी बनाई जाए जो जाट आरक्षण आंदोलन से जुड़े सभी मामलों का समाधान करे। कमेटी फैसला करे कि किसी की सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्तर पर जिस भी तरह की सहायता हो वो की जाए।

महापंचायत को संबोधित करते खाप चौधरी





जींद। पूर्व वित्त मंत्री के भाई वीरसेन सिंधु को पगड़ी पहनाते खाप प्रतिनिधि।

महापंचायत को संबोधित करते खाप प्रतिनिधि



महापंचायत को संबोधित करते टेकराम कंडेला








जींद। महापंचायत में मौजूद खाप प्रतिनिधि व महापंचायत को संबोधित करते खाप प्रतिनिधि।

### मिलकर निपटाया मामला : सोमबीर सांगवान

पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान ने कहा कि हमारा समाज भाईचारे को लेकर जाना जाता है। न्याय और भाईचारे के लिए जो मामला था, सिंधु परिवार व सारे समाज ने मिल कर इस मामले को निपटाया है। वो सिंधु परिवार का विशेष तौर पर धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने इस भाईचारे का काम किया है। अभी भी जो लोग भ्रम फैला रहे हैं वो गलत है। अभी एक मामला पेंडिंग है। हम इस मामले में चंडीगढ़ गए थे और सीबीआई के आईजी से मिले थे। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस मामले को भी निपटा देंगे।

### भाईचारा हुआ मजबूत : हरदीप सिंह

84 खाप के प्रधान चौधरी हरदीप सिंह ने कहा कि 2016 में जो आगजनी हुई थी, उसका निपटारा करने के लिए यह महापंचायत हुई और मामले का निपटारा किया गया। सोमवीर सांगवान ने इस महापंचायत की अध्यक्षता करके भाईचारे को मजबूत किया है। आज हमारे सभी भाई व बच्चे बरी हो गए हैं। इसकी एवज में वो सतरोल खाप, सिंधु परिवार का व अन्य सभी खापों का धन्यवाद करते हैं।

### सिंधु परिवार ने बड़ा दिल दिखाया : अशोक

नांदल खाप के पूर्व महासचिव अशोक नांदल ने कहा कि सिंधु परिवार बेशक हिसार से हो, सतरोल खाप से हो, लेकिन वर्षों से रोहतक में रहता है, वहां भी सिंधु परिवार ने भाईचारे की मिसाल पेश की है। आगजनी के मामले में भी सिंधु परिवार ने बड़ा दिल दिखाया और एक मिसाल पेश की है। इनके साथ पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान ने अहम भूमिका निभाई। संस्कारी सिंधु परिवार ने सभी का मान सम्मान रखा। हुड्डा खाप के प्रधान धर्मपाल हुड्डा ने कहा कि सिंधु परिवार ने बहुत सराहनीय काम किया है। सभी खाप पंचायतों के मान सम्मान रखा है।

### फैसला खाप पर छोड़ सद्भावना बनाई: सुरेंद्र

दहिया खाप के प्रधान सुरेंद्र दहिया ने कहा कि सिंधु परिवार ने समरसता कायम की है। फैसला सतरोल खाप पर छोड़ दिया और सद्भावना बनाई। दहिया ने यह भी चिंता जताई कि नशे और अपराध से समाज को बचाया जाए।

### संदीप भारती ने उठाई आवाज

12 खाप सर्वजातीय से आए संदीप भारती ने तीन युवकों सुमित जिसे उम्र कैद हुई है नरेश जिसकी आंख खराब हुई है और जेल में बंद पवन के भाई की आवाज उठाई। इसके बाद सतरोल खाप की तरफ से प्रवक्ता फूल कुंवार पेटवाड़ ने सहायता का आश्वासन दिया।

### महापंचायत को इन्होंने भी किया संबोधित

महापंचायत में लीला खटकड़, किसान नेता कृष्ण किरमारा, परविंदर श्योराण, सोनीपत से रणधीर सिंह सरोहा , पलवल से सुमेर जैलदार, दीपक डागर, झज्जर से राजेश धनकड़ आदि ने भी सम्बोधित किया।



कैथल। भाकियू नेता राजीव आर्य फसलों को दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

# गिरदावरी करवाकर सरकार मुआवजा दे: राजीव

- बेमौसम बारिश, आंधी-ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलें बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा राजीव आर्य ढांड ने कहा कि हरियाणा में बेमौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले पाँच छह दिनों से लगातार खराब मौसम के चलते गेहूं और सरसों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रदेश के किसान इस समय गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बारिश में भीगकर खराब हो रही है, जिससे दाने की गुणवत्ता पर असर पड़ा है और कटाई में देरी की आशंका बढ़ गई है। वहीं, मंडियों में पड़ी सरसों की फसल सरकारी खरीद के इंतजार में खराब हो रही है। आज कौल गांव मे पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने आरोप लगाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। सरकार विधायकों की खरीद-फरोख्त में व्यस्त है, जबकि किसान अपने खेत-खलिहानों में बर्बादी झेल रहे हैं। आर्य ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की जा रही है।

### धान का मुआवजा आज तक नहीं मिला

किसान नेता राजीव आर्य ने यह भी कहा कि किसानों को पिछली धान फसल का मुआवजा तक नहीं मिला है और अब तक नई क्षति के लिए किसी प्रकार की आर्थिक सहायता या मुआवजे की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसान इस परिस्थिति में क्या करे। प्रदेश के किसान मौसम की मार और सरकारी उदासीनता के बीच दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक संकट में आ गई है। किसान नेता आर्य ने मांग की कि सरकार तुरंत प्रभाव से फसलों की खरीद शुरू करे, नुकसान का आकलन कराए और किसानों को उचित मुआवजा दे।

### अपहरण के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** जुलाना में गत 17 मार्च सुबह व्यापारी सुशील कुमार के अपहरण के प्रयास व चौथ मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित गांव मालवी का रहने वाला है और सेना में हवलदार के रूप में कार्यरत है। फिलहाल वह अरुणाचल प्रदेश में कार्यरत है। पुलिस ने आरोपित को रविवार को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से अपहरण के प्रयास के पीछे क्या कारण थे और उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ करेगी।

## विधायक सतपाल जांबा ने ग्राम कौल में सीसी सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

# निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ढांड

पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कौल में चल रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का आज विधायक सतपाल जाम्बा ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोग की जा रही सामग्री का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से भी संवाद किया और उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनता की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाएगा। विधायक सतपाल जाम्बा ने स्पष्ट शब्दों में कहा- "विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रत्येक कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही पूरा होना चाहिए, ताकि लोगों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके।" उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सड़क निर्माण के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिले।



ढांड। विधायक सतपाल जांबा सड़क निर्माण का अवलोकन करते हुए।

### बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर गांव में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सड़कों का बेहतर निर्माण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत करते हुए विकास कार्यों के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करना यह दर्शाता है कि वे क्षेत्र के विकास के प्रति पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में विकास के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि कार्य जल्द ही उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा होगा।

# जुलाना : वार्ड नौ में युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड नौ में एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वार्ड 9 निवासी 30 वर्षीय सन्नी जोकि दिव्यांग था। मृतक के पिता कृष्ण ने बताया कि कई दिनों से सन्नी मानसिक रूप से बीमार था। चार दिन पहले वह बाहर गया था लेकिन देर रात आया तो परिजनों को उसका पता नही चला। चार दिन पहले देर रात सन्नी मकान के उपर बने चौबारे में गया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को दोपहर के समय उनके रिश्तेदार घर पर आए हुए थे। जब एक बच्चे ने उपर जाकर देखा तो चौबारे के बाहर बदबू आ रही थी। जब अंदर देखा तो सन्नी ने फांसी लगाई हुई थी। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांचकर रही है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

## खबर संक्षेप

### महात्मा गांधी पार्क में किया श्रमदान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आफॅ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेवश ने महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 458वां अभियान था। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्वच्छता भगवान की भक्ति है यह हमें समझना चाहिए। सभी धर्म के लोग मंदिर या अन्य धार्मिक स्थल पर, पूजा अर्चना करने से पहले सफाई करते हैं। जब तक साफ -सफाई नही हो दीपक नही लगाते हैं। इसलिए सभी ने हर समय स्वच्छता का ध्यान रख कर अपना भक्ति भाव का परिचय भी देना चाहिए।

### माता की भक्ति में होती है विराट शक्ति : सुषमा

**उचाना।** उचाना हलके के डाहोला गांव में नवरात्रि पर आयोजित जागरण में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की पत्नी सुषमा अत्री पहुंची। माता के दरबार में माथा टेक सुषमा अत्री ने देश, प्रदेश, क्षेत्र की तरक्की, खुशहाली की कामना की। सुषमा अत्री ने नवरात्रि के गहन आध्यात्मिक वातावरण पर अपने विचार सांझा करते हुए कहा है कि मां अम्बे की भक्ति मन को असीम शांति और ऊर्जा से भर देती है। माँ की भक्ति में अपार शक्ति निहित है।

### भात में शामिल होकर मिसाल कायम की

**जींद।** आज समरसता की एक मिसाल कायम हुई जब बिरौली ग्राम का सामाजिक एवं प्रबुद्ध वर्ग ने गांव की वाल्मीकि समाज की बेटी के भात में शामिल हुआ। ग्राम बिरौली की एक बेटी जो जुलाना प्रखंड के गांव में शादी शुदा है, आज उसकी बेटी की शादी बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई। विशेषता यह रही कि बिरौली गांव के लोगों ने सभी जातियों के बंधुओं के साथ एवं विश्व हिंदू परिषद् के कार्यकर्ताओं के साथ भात में सहभागिता की। आज जब सामाजिक ताना बाना टूट रहा है तो यह पहल एक उदाहरण बनेगी।

### सीएम तीर्थ यात्रा योजना के तहत ट्रेन 28 को होगी रवाना

**जींद।** हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पात्र वृद्धजन लाभार्थियों को निशुल्क तीर्थ स्थानो पर यात्रा करवाई जाती है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा पात्र वृद्धजनों को अयोध्या स्थित राम मंदिर के दर्शन करवाने के लिए विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यह विशेष ट्रेन अब 28 मार्च को अंबाला से रवाना होगी। इस ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बाद दोपहर चार बजे अंबाला रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पहली विशेष ट्रेन यात्रा में जींद जिला को भी शामिल किया गया है।

### उचाना विकास की उड़ान भर रहा: रोहताश खटकड़

**उचाना।** कसूहन मंडल महामंत्री रोहताश खटकड़ ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना विकास की उड़ान भर रहा है। उचाना में विकास की उड़ान काफी सालों से रूकी हुई थी। अब विकसित उचाना के सपने को पूरा करने के लिए विधायक की अगुवाई में उचाना विकास की उड़ान भर रहा है। उचाना में 18 फरवरी को हुई सीएम नायब सिंह सैनी की विकास रैली में लाखों करोड़ों रुपए की सौगात उचाना को मिली है।

### योजना के तहत शहद के लिए संरक्षित मूल्य तय

**जींद।** सरकार द्वारा भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया है। इससे मधुमक्खी पालकों को बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव से राहत मिलेगी और उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार ने मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद के लिए संरक्षित मूल्य तय किया है। निर्णय सरकार की कृषि से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हो रहा समान विकास : डॉ. कृष्ण मिड्ढा

## लोगों से पांच को सीएम सैनी की जींद में प्रस्तावित रैली में पहुंचने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिल रहा है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को गांव झांज खुर्द की चैपाल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके साथ साथ उन्होंने झांज खुर्द, झांज कलां, बड़ौदी, बरसोला, दरियावाला, ढांडा खेड़ी, जाजवान, ईंटलखुर्द, ईंटल कलां, ईक्कस तथा जलालपुर खुर्द सहित कई गांवों का


जींद। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

दौरा कर ग्रामीणों को पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जींद में प्रस्तावित रैली में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है ताकि हर नागरिक को चिकित्सा, शिक्षा एवं सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं सहजता से मिल सकें। सामुहिक विकास के लिए मौजूदा राज्य सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और प्रत्येक गांव में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। विकास कार्यों को राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठा कर प्राथमिकता दी गई है, जिससे हर वर्ग को समान अवसर मिल सके। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांवों में लंबित विकास कार्यों के अस्टीमेट शीघ्र तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा। डा. मिड्ढा ने कहा कि गांवों का विकास भी शहरी तर्ज पर किया जा रहा है। गांवों में सड़कों, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जींद विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों में प्रदेश का अग्रणी क्षेत्र बनेगा। उन्होंने कहा कि झांज खुर्द व झांज कलां में आठ करोड़ रूपये की लागत से नया जलघर बनाया जाएगा।



### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जींद।** हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने रविवार को अपने आवास पर जनता दरबार का आयोजन किया। जहां उन्होंने दूरदराज से आए लोगों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान तुरंत और पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके और प्रशासन पर उनका विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि जींद जिला आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जिले को नौ नेशनल हाईवे से जोडने से कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। जिससे व्यापार, उद्योग और निवेश को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। इसके परिणामस्वरूप युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी एक बड़ा कदम उठाते हुए हैबतपुर में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज का निर्माण तेजी से जारी है।


भाजपा कार्यकर्ता कार्यशाला में मौजूद कोऑर्डिनेटर अशोक छाबडा व अन्य।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सैनी सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नही बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। आज खेलों के क्षेत्र में हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए गए हैं। मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा नरवाना शहरी मंडल तथा सफीदों के मुआना मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत कार्यशालाओं में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों, राष्ट्रवाद की भावना और जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती देने का आह्वान किया गया।

### हर घर को स्वच्छ जल

कहा कि प्रकार डिजिटल इंडिया अभियान के तहत सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन किया है। जिससे पारदर्शिता बढ़ी है। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दिया है। जबकि जल जीवन मिशन के जरिए हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। आधारभूत ढांचे के विकास में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कहा कि राज्य में वर्ष 2014 के बाद पारदर्शी और मेरिट आधारित भर्ती प्रणाली लागू की गई है। जिससे युवाओं को बिना पर्ची, खर्ची के रोजगार के अवसर मिले हैं। ई गवर्नेंस के माध्यम से सरकारी सेवाओं को सरल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया गया है। शिक्षा क्षेत्र में सुधार के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी अनेक कदम उठाए हैं। कार्यशाला में इस बात पर भी जोर दिया कि इन सभी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है ताकि जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## श्रद्धालुओं ने मंदिरों के बाहर सजी दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने खरीदे

# मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी

### नवरात्र के नौ दिनों का मानव जीवन में विशेष महत्व

**वैष्णवी धाम में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में डाली आहुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवरात्र के चौथे दिन रविवार को माता कुष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। शहर के प्रसिद्ध मंदिर जयंती देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, रघुनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्त माथा टेकने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में आए श्रद्धालुओं ने मंदिरों के बाहर सजी दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने इत्यादि की खरीददारी भी की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों में ऐसा माना गया है कि यदि मां का यह स्वरूप आविर्भूत नहीं होता तो संपूर्ण संसार अपने ही विषैले पदार्थों से स्वयं ही नष्ट हो जाता। पूरे जगत में चारों ओर विनाश, अंधकार एवं अज्ञानता का


जींद। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती का गुणगान करते श्रद्धालु।

बोलबाला होता। मां कुष्मांडा ने ही संसार में पनपी पूरी विषैली ऊर्जा को स्वयं पीकर सृष्टि की रक्षा की थी। ब्रह्मांड उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कुष्मांडा देवी का वास सूर्य मंडल के भीतर लोक में है।

सूर्य लोक में रहने की शक्ति व क्षमता केवल इन्हीं में है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के नौ दिन मानव जीवन में विशेष महत्व रखते हैं। इन दिनों में जो भी श्रद्धालु सच्चे दिल से मां भगवती की अराधना करता है मां भगवती उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती है। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि जर्रे-जर्रे में है मां का वास, वही है सबकी सृजनहार, वही हैं सबकी पालनहार, वहीं है सबकी तारनहार। वहीं है सबके हृदय की धड़कन, वही ऊर्जा के रूप में पूरे शरीर में प्रवाहित हो रही है। जब वही सब कुछ कर रही है, तो फिर ईर्ष्या किससे, नफरत किससे। अतः मां के विराट स्वरूप से प्यार करो, उसी को चाहो, उसी के बन जाओ।


जींद। वैष्णवी धाम में आयोजित नर्वाण महायज्ञ के दौरान श्रद्धालु।

आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में नवार्ण महायज्ञ के तीसरे दिन मातृभक्तों को संबोधित कर रहे थे। आरपी काहनोरिया, एडवोकेट घनश्याम सिंघल, एससी जैन, सुशील गुप्ता, सौरभ चंदा, संदीप डोडा, रणसिंह सैनी, नरेश कुमार ने सपरिवार मां चंद्रघण्टा की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि मां से प्यार करने का अर्थ है मां के बनाए हुए बंदों से प्रेम करना। यदि कोई मनुष्य यह कहे कि मैं अपने पड़ोसी से तो घृणा करता हूं किंतु ईश्वर से प्रेम करता हूं तो वह झूठा है। उन्होंने कहा कि जो प्राणी मंदिर में तो मां की मूर्ति की पूजा करता है किंतु घट-घट वासी मां की उपेक्षा करता है तो उसकी वह भक्ति दिखावा है, छलावा है।

ईश्वर करे हम ऐसी स्थिति में आ जाएं जब हमें सर्वत्र मां का ही दर्शन हों, जर्रे-जर्रे में उसकी ही झांकी दिखाई दे। अभी से इस साधना में लग जाओ व तब तक रूकना मत जब तक मां को पा न लो।


जींद। कार्यक्रम में प्रभु सिमरन करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### 11 दिवसीय महा अखंड जाप का समापन

**जींद।** नई अनाज मंडी के सामने कला धाम में पूर्ण पारब्रह्म महान कलाधारी महाराज के प्रकट दिवस के उपलक्ष में सर्व सुख शांति व विश्व कल्याण के लिए चल रहा 11 दिवसीय महा अखंड जाप जय निराधार जय कलाकार की पावन ध्वनि की गुंजार के बीच बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ऋषि सुखदेव महाराज ने दिव्य प्रवचनों व आनंदमयी भजनों की ज्ञान अमृत गंगा बहा कर सभी भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि सत्य मार्ग पर चलते हुए जीवन में परेशानियां तो अवश्य आती हैं लेकिन प्रभु भगवान अपने भक्त की नांव को कभी डूबने नहीं देते। नेक कर्म करते हुए जो दुःख आते हैए वह तो प्रभु के ओर ज्यादा नजदीक ले जाते है। यह मानव जीवन अनमोल है, बार-बार नहीं मिलने वाला नही है, इसे व्यर्थ ना गवाओ। इस कीमती मनुष्य जीवन में पूर्ण सतगुरु का मिलना ही प्रभु भगवान की सबसे बड़ी कृपा है। क्योंकि पूर्ण संत महापुरुष ही इंसान को अज्ञान रूपी अंधकार से निकाल कर ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं। पूर्ण संत महापुरुषों और दुखी लाचार व्यक्ति की सच्चे मन से सेवा करने वाला इन्सान ही प्रभु के असली माल धन का अधिकारी बनता है। सुखदेव जी महाराज ने कहा कि सेवाए सिमरन और दान रुपी शुभ कर्म ही इंसान को परोपकारी बनाते हैं। जिसने प्रभु प्रेम और सत्य ज्ञान को जीवन में उतार लिया, उसने ही संसार के सभी दुखों से छुटकारा पा लिया। शांति, प्रेम और सद्भावना के साथ सतमार्ग पर चलते हुए यदि सभी मनुष्यों का आपस में प्यार हो जाए तो ये जीवन अनंत खुशियों और आनंद से भर जाए।

## नवरात्र में देवी दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की पूजा से हर मनोकामना पूर्ति : श्याम लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

सनातन परंपरा में देवी दुर्गा की साधना और आराधना करने के लिए चैत्र नवरात्रि के 9 दिन अत्यंत ही शुभ और फलदायी माने गये हैं। चौथे नवरात्र पर देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी शक्तिपीठ में प्रदेश के कौने-कौने के साथ-साथ आस-पास के राज्यों से श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजा अर्चना की। रविवार का दिन होने के चलते आज मंदिर परिसर में भीड़ रही। व्यवस्था को बनाने के लिए प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन कमेटी लगी नजर आई। मंदिर पुजारी श्याम लाल कौशिक ने कहा कि नवरात्रि के 9 दिनों शक्ति के साधक


उचाना। श्याम लाल फोटो : हरिभूमि

अलग-अलग दिन देवी दुर्गा के अलग-अलग दिव्य स्वरूप की पूजा मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु करते है। चैत्र नवरात्रि के पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा करने पर साधक को सुख, समृद्धि और मानसिक शांति प्राप्त होती है। मां स्कंदमाता का संबंध बुध ग्रह से माना जाता है, इसलिए उनकी पूजा बुध के शुभ फल दिलाती है। छठे दिन माता कात्यायनी की पूजा करने पर साधक को मान-सम्मान, कार्यों में मनचाही सफलता और सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है. मां कात्यायनी की पूजा से साधक को गुरु ग्रह के शुभ फल प्राप्त होते हैं। सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा करने पर साधक के जीवन से जुड़े सभी प्रकार के भय और नकारात्मक विचार दूर होते हैं। मां कालरात्रि का संबंध शनि ग्रह से माना जाता है, इसलिए उनकी पूजा शनि दोष से भी मुक्ति दिलाती है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा करने पर साधक को जीवन से जुड़े सभी सुख प्राप्त होते हैं। मां महागौरी की साधना जातक की कुंडली के राहु से जुड़े कष्टों और बाधाओं को दूर करती है।

### 40वां विशाल भगवती जागरण 28 मार्च को, तैयारियां जोरों पर: गुलशन सलूजा

**जींद।** शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वावधान में 40वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन 28 मार्च को पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राऊंड में आयोजित किया जाएगा। जागरण की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने बताया कि जागरण को लेकर शहरभर में निमंत्रण दिया गया है। क्लब सदस्यों ने घरों, दुकानों में जाकर जागरण में श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए चावल भी दिए हैं। उन्होंने बताया कि जागरण में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जहां आमजन को कन्या भ्रूण न किए जाने को लेकर शपथ दिलाई जाएगी वहीं कन्या महत्ता को लेकर भी श्रद्धालुओं को प्रेरित किया जाएगा। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने बताया कि भगवती जागरण भव्य तौर पर आयोजित करने को लेकर सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जागरण में स्थानीय कलाकारों के अलावा बाहर से आए कलाकार इस जागरण में मां भगवती की भेंटें सुना श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेंगे। जागरण में मख्यअतिथि के तौर पर जींद के भाजपा विधायक एवं हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि होंगे और मां की ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। जबकि समाजसेवी रमेश ढिल्लो, पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला, रूद्राक्ष मिड्ढा, राजन चिल्लाना सम्मानित अतिथि होंगे। कोषाध्यक्ष अमित सिंधवानी ने बताया कि जागरण में हेमंत बृजवासी, कुरूक्षेत्र से बब्बू चावला, नरेश भजनी मां का गुणगान करेंगी। इस बार विशेष तौर पर मां का दरबार सजाया जाएगा जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। जागरण का समापन मां तारा रानी की कथा से होगा। कलाकार कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरण मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे।


शहीद ए आजम युवा क्लब के प्रधान गुलशन सलूजा।

## विवि को वैश्विक मंच पर ले गए वीसी, छात्रों के लिए खुले विदेश के रास्ते

# लिस्बन यात्रा से छात्रों के लिए खुले विश्वस्तरीय अवसर

**पुर्तगाल दौरे से सीआरएसयू बना अंतरराष्ट्रीय सहयोग में अग्रणी संस्थान, संयुक्त शोध को मिली गति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय सीआरएसयू जींद के कुलपति प्रो. डा. राम पाल सैनी ने दूरदर्शी और प्रभावशाली पहल करते विवि को वैश्विक शिक्षा और शोध के मंच पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 15 से 20 मार्च



2026 तक पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन की उनकी यात्रा ने सीआरएसयू को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए दौर में प्रवेश दिलाया है।इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान प्रो. सैनी ने यूरोप के प्रतिष्ठित संस्थान इंस्टीटयूटो, सुपीरियर टैक्नीको (आईएसटी) यूनिवर्सिटी ऑफ लिस्बन में विश्व प्रसिद्ध रसायनज्ञ प्रो. अरमांडो जेएल पोम्बेइरो और विश्व के अग्रणी वैज्ञानिक प्रो. डा. बृज ब्रिज मोहन सहित कई शीर्ष वैज्ञानिकों से उच्चस्तरीय चर्चा की। सेंटरो डिक्यूमिका एस्टूरट्रल में हुई बैठकों में संयुक्त शोध, छात्र विनिमय कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर ठोस कदम उठाए गए। यह पहल सीआरएसयू को देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लाती है, जो अपने छात्रों को सीधे वैश्विक शोध नेटवर्क से जोड़ रहे हैं। आईएसटी के अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. रूई के साथ हुई बैठक में छात्र विनिमय, संयुक्त डिग्री, पीएचडी स्तर पर शोध सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी। जिससे सीआरएसयू के छात्रों के लिए विदेश में शिक्षा और करियर के रास्ते खुलेंगे। रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग में प्रो. हैन्रीक्यू मेटोस और प्रो. इजाबेल के साथ हुई चर्चा में स्मार्ट सेंसर, हरित रसायन, पर्यावरणीय समाधान और उन्नत विज्ञान पर सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने 1779 में स्थापित लिस्बन की विज्ञान अकादमी का दौरा कर वरिष्ठ वैज्ञानिकों से संवाद किया। जिससे सीआरएसयू की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई। सीआरएसयू वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि यह कदम सीआरएसयू के छात्रों के लिए गेम चेंजर साबित होगा।


नरवाना। समस्याएं सुनते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

### टालमटोल की प्रवृत्ति ना अपनाएं: बेदी

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को अपने निवास स्थान पर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे भी जनमानस की समस्याओं का निवारण करना अपना कर्तव्य समझें और इसे गंभीरता से निभाएं। इसमें लापरवाही या टालमटोल की प्रवृत्ति ना अपनाएं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कटिबद्ध है। विशेष रूप से कमजोर वंचित एवं पिछड़े वर्गों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है और इसे सरकार द्वारा बखूबी निभाया जा रहा है। कृष्ण कुमार बेदी ने मितासो पैलेस में लगाएं गए विशाल रक्तदान शिविर का भी उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री ने रक्तदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई महादान नहीं है। रक्तदाता द्वारा दी गई चंद कीमती रक्त की बूंदे किसी भी दुर्घटना से ग्रस्त व्यक्ति की जिंदगी की संजीवनी बनती है। लिहाजा प्रत्येक युवा को अपने जीवन में रक्तदान जैसा पुण्य कार्य करना चाहिए। कहा कि प्रत्येक सामाजिक संस्था को रक्तदान जैसे शिविर लगा कर मानवता के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# भजनों के माध्यम से मां भगवती की महिमा का किया गुणगान

# चौथे नवरात्र पर भक्तिमय माहौल मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवरात्र के दौरान श्रद्धालु व्रत रखकर मां की आराधना कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं और दिनभर भक्तों का आना-जाना लगातार बढ़ गया है। माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लोगों में खास उत्साह नजर आ रहा है। मंदिरों में कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रतिदिन भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। भजनों के माध्यम से मां भगवती की महिमा, उनकी शक्तियों और जीवन में उनके महत्व के बारे में श्रद्धालुओं को बताया जा रहा है। महिलाएं इन धार्मिक आयोजनों में भाग ले रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है। मां कूष्मांडा को सृष्टि की उत्पत्ति करने वाली देवी माना जाता है। कहा जाता है कि सच्चे मन से पूजा करने पर मां अपने भक्तों को सुख-समृद्धि, और खुशहाली का आशीर्वाद देती हैं। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु व्रत रखकर माता की आराधना कर रहे हैं।


नवरात्रों को लेकर सजी हुई दुकान व कीर्तन करती हुई महिलाएं।

## नवरात्र का पर्व आस्था, भक्ति और शक्ति का प्रतीक

कई लोग पूरे नौ दिन का व्रत रखते हैं, जबकि कुछ श्रद्धालु पहले और आखिरी नवरात्र का व्रत रखते हैं। जैसे-जैसे अष्टमी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे व्रत रखने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। श्रद्धालु फलाहार और सात्विक भोजन का सेवन कर नियमपूर्वक पूजा-पाठ कर रहे हैं। बाजारों में भी नवरात्र को लेकर रौनक बढ़ गई है। पूजा सामग्री, फल और फूलों की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं अष्टमी और नवमी को लेकर लोगों ने कन्या पूजन की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्र का पर्व आस्था, भक्ति और शक्ति का प्रतीक है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। मंदिरों में हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों और कीर्तन-भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है।

## मां कूष्मांडा की आराधना से सकारात्मकता का संचार



**सीवन।** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर माता रानी के चरणों में माथा टेकते नजर आए। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया गया, जहां दिनभर जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करते हुए माता के दरबार में प्रार्थना की। इस अवसर पर महंत धीरज पुरी ने बताया कि नवरात्र के चौथे दिन मां मां कूष्मांडा की पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मां कूष्मांडा की आराधना से जीवन में ऊर्जा, स्वास्थ्य और सकारात्मकता का संचार होता है।

## प्राचीन मनसा देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब


मनसा देवी मंदिर में पूजा के दौरान कमेटी सदस्य प्रो. विनेश वालिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन रविवार को पूंडरी स्थित प्राचीन मनसा देवी मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आज मां चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगी रहीं। रविवार होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी देखने को मिली। पूंडरी क्षेत्र के अलावा पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में सुबह से ही जय माता दी के जयकारों से माहौल भक्ति मय बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां चंद्रघंटा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की उपासना से भय का नाश होता है और जीवन में शांति, साहस व समृद्धि का संचार होता है। मंदिर कमेटी के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि सभी भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मंदिर में सुरक्षा, जल व प्रसाद वितरण की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया।

*कैथल में दिव्य गीता सत्संग का दूसरा दिन, उमड़ा श्रद्धा का सागर*

# भगवद् गीता धर्म के साथ-साथ सामाजिक विज्ञान का भी आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए तथा उपस्थित श्रद्धालु *फोटो : हरिभूमि*

कैथल के भाई उदय सिंह किला में चल रहे दिव्य गीता सत्संग के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शनिवार देर शाम आयोजित इस सत्संग में महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने श्रीमद् भगवद् गीता के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाते हुए अर्जुन के मन के विचारों और भावों का गहन विश्लेषण किया। कार्यक्रम में नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभी गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि समाजसेवी सुधीर मैहत्ता, अग्रवाल युवा सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता, श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर के प्रधान विनोद मित्तल, बहादुर सैनी और रमेश सचदेवा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

सत्संग के दौरान स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सामाजिक विज्ञान और सोशियोलॉजी का भी अद्भुत उदाहरण है। इसमें मानव मन की गहराइयों और गिरे हुए मन की स्थिति का सजीव चित्रण मिलता है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में पात्रों और लीलाओं के माध्यम से समाज के सामान्य उदाहरण प्रस्तुत किए गए हैं, ताकि व्यक्ति अपने जीवन से उन्हें जोड़ सके। उन्होंने सृष्टि रचना से जुड़ा एक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब महर्षि वशिष्ठ का जन्म हुआ तो वे प्रारंभ में अत्यंत शांत अवस्था में थे, लेकिन कुछ ही क्षणों में वे अचानक व्याकुल हो उठे। ऐसा प्रतीत हुआ मानो उन्हें कोई गहरा दुख हो। फिर थोड़ी देर बाद वे पुनः शांत हो गए।

# हरियाणा के आम जनमानस पर फिर डाला बोझ : सुरजेवाला

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि 1 अप्रैल 2026 से कलेक्टर रेट बढ़ाकर सरकार ने "भाजपाई वसूली" की नई किस्त सेट कर दी है। कैथल से एक प्रेस बयान जारी करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 9 महीने में ही प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी से 13,099 करोड़ की उगाही कर चुकी है। अब 1 अप्रैल से कलेक्टर रेट में 5% या उससे ज्यादा बढ़ोतरी के साथ 10,000 करोड़ की और वसूली की तैयारी है। यानी प्लॉट, फ्लैट या छोटा सा मकान बनाने का सपना देखने वाले हर हरियाणवी से कुल 23,000 करोड़ की लूट की जा रही है। शायद इसी वजह से विधायक खरीदने का रेट भी करोड़ों में पहुंच गया है।


सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला

उन्होंने कहा कि यह पिछले नौ महीने में दूसरी बार है जब भाजपा सरकार ने कलेक्टर रेट बढ़ाकर आम जनमानस को झटका दिया है। इससे पहले 1 अगस्त 2025 को भी यही खेल खेला गया था। 3 साल में सरकार ने प्रॉपर्टी रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी से कुल 33,562.35 करोड़ कमाए हैं, फिर भी रेट क्यों बढ़ा दिए? पहले से ही महंगाई की आग में जल रहे हरियाणा के लोगों पर 'कलेक्टर रेट की वसूली' का घी डालकर भाजपा किस बात का बदला ले रही है? सुरजेवाला ने कहा कि क्या भाजपा को लगता है कि हरियाणा के लोग सिर्फ टैक्स और वसूली के लिए हैं ? घर बनाने का सपना देखने वाला हर युवा, हर मध्यम वर्गीय परिवार अब और महंगे प्लॉट-फ्लैट खरीदने को मजबूर हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### संगठन के लिए सेवा और राष्ट्रहित सर्वोपरि

**गुहला-चीका।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए देश की जनता और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। पार्टी का संगठन विस्तार केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि समाज में समानता और राष्ट्र चेतना की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह बात भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मार्केट कमेटी पुंडरी के चेयरमैन सुभाष हजवाना ने गुहला चीका मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कही।

### ईश्वर चंद बने अनाज मंडी पाई के प्रधान

**पाई।** रविवार को पाई अनाज मंडी में आढतियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सबसे पहले सत्यवान ढुल ने वर्ष 2025 -26 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसको सभी आढतियों ने मंजूरी दी। इस पर पूर्व मंडी प्रधान एवं मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह फौजी को कार्य कारी प्रधान चुना। उसके बाद सत्यवान ढुल ने अपना इस्तीफा कार्य कारी प्रधान को सौंपा। इसके बाद कृष्ण मितल ने ईश्वर चंद के नाम का प्रस्ताव अगले वर्ष 2026- 27 के लिए प्रधान के लिए रखा।

### तीन दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर आयोजित

**कैथल।** पुलिस लाइन कैथल में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को तनावमुक्त रखते हुए उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की शिविर के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग कैथल से प्रशिक्षक सूरज सांडिल्य एवं आचार्य दीपक सेठ द्वारा प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास करवाया गया।

### 1933 पर दें ड्रग्स तस्करी की जानकारी : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 शुरू किया हुआ है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहता है।लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी साझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# सीवन का चार वर्षों में बदलेगा स्वरूप : हेमलता सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगर पालिका अध्यक्षा हेमलता सैनी ने शहर के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं सांझा करते हुए कहा कि आगामी चार वर्षों में सीवन के स्वरूप में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। नगर पालिका द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए शहर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर सीवन के लिए विशेष विकास योजनाएं और ग्रांट लाई जाएंगी, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण और मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं का विस्तार नगर पालिका की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसके अलावा शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अध्यक्षा ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते कहा कि शहर के विकास में जनभागीदारी अहम भूमिका निभाती है। विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से सीवन को एक बेहतर और विकसित शहर के रूप में स्थापित किया।


**सीवन।** पत्रकारों से बात करती नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता सैनी।

# हरियाणवी कलाकारों की लगी खुली बोली

- आईपीएल की तर्ज पर होने वाले कलाकार क्रिकेट लीग में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** हारट्रोन एडवांस्ट स्किल सेंटर में मंच पर बैठे कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा गीत-संगीत इंडस्ट्री के कलाकारों की कैथल में खुली बोली लगी। किसी को एक लाख प्वाइंट मिले तो किसी को 12। मजे की बात यह रही कि खरीदने वाले भी कलाकार थे और बिकने वाले भी कलाकार ही रहे। यह सब हुआ अंबाला रोड स्थित हारट्रोन एडवांस्ट स्किल सेंटर में। बता दें कि हरियाणवी कलाकारों की यह बिकवाली आईपीएल की दर्ज पर होने वाले कलाकार क्रिकेट लीग यानी केसीएल के लिए हुई। सात अप्रैल से दस अप्रैल तक कैथल की एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में यह क्रिकेट लीग होने जा रही है। इसके लिए चार टीमें होंगी, जिनमें खिलाड़ियों के रूप में कलाकारों का चयन बोली के जरिए किया गया। टीमों के नाम यंग योद्धा, सुरीले सूरमा, मस्त कलंदर और वीर वारियर्स रखे गए हैं। यंग योद्धा के कप्तान मशहूर गायक सुरेंद्र रोमियों हैं तो सुरीले सूरमा के कप्तान अमित ढुल। मस्त कलंदर टीम की कप्तानी मनजीत पांचाल के कंधों पर है तो वीर वारियर्स की कमाल यूके हरियाणवी संभाल रहे हैं। प्रत्येक टीम के लिए 13-13 खिलाड़ियों का चयन ड्रा के माध्यम से बोली लगा कर किया गया।


**राजौंद।** जाखौली स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा के दौरान परीक्षा देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## टैलेंट हंट परीक्षा में 300 छात्रों ने दिखाया उत्साह

**राजौंद।** जाखौली गांव स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज टैलेंट हंट परीक्षा का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा पहली से बारहवीं तक के लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। परीक्षा का आयोजन सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का पूरा अवसर मिला। विद्यालय के प्राचार्य ओ.पी. शर्मा ने बताया कि टैलेंट हंट परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने परीक्षा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में प्राचार्य ने सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। आदर्श परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# विवेकानंद वमावि कौल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कौल में वार्षिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विद्यालय प्रांगण में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच कुसुमलता एवं सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार ने संयुक्त रूप से की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में अशोक पसरीचा, निधि मिश्रा, अशोक शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, मास्टर राम शरण व प्रवीण शर्मा उपस्थित रहे। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गिद्दा, हरियाणवी नृत्य, रासलीला, राजस्थानी नृत्य सहित विविध रंगों की प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। विशेष रूप से छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों और "मेरा जी लैगा सै " गीत ने सभी का दिल जीत लिया, जबकि "पापा जल्दी आना" जैसे भावपूर्ण गीत ने माहौल को भावुक कर दिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन मास्टर पंकज शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को प्रभावशाली और अनुशासित ढंग से आगे बढ़ाया।

## श्याम संकीर्तन में उमड़ेगा श्रद्धा का सागर बाबा के दरबार में लगेगी हाजिरी : पिलनी

**पूंडरी।** धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम 30 मार्च को देखने को मिलेगा, जब श्री खाटू श्याम परिवार सेगा आयोजन समिति के तत्वावधान में बाबा श्री श्याम जी के 5वें विशाल श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मार्केट कमेटी पाई के चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के सदस्य सोनू जांगड़ा सेगा द्वारा बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने का यह पावन अवसर क्षेत्रवासियों को प्राप्त हो रहा है, जो किसी सौभाग्य से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बुलावा बाबा श्याम की असीम कृपा का प्रतीक है, जो हर किसी को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि खाटू श्याम संकीर्तन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भक्ति, आस्था और आत्मिक शांति का महोत्सव है। ऐसे आयोजनों में शामिल होकर व्यक्ति अपने जीवन की भागदौड़ से दूर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करता है और अपने मन को सुकून देता है। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं और उनके दरबार में आने वाला कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। इसलिए सभी श्रद्धालुओं को इस अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संकीर्तन में भाग लेना चाहिए।

## आरपीएस विद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय ने अपनी सुविधाओं में विस्तार करते हुए छात्राओं के लिए एक नवनिर्मित एसी गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित भव्य हवन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में आरपीएस प्रबंधन समिति की सेक्रेटरी बिमला देवी, एडवोकेट नरेन्द्र राव, चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सेक्रेटरी बिमला देवी ने कहा कि एक शिक्षित बेटी न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती है। उन्होंने बेटियों के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए इस आधुनिक छात्रावास को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि उनका उद्देश्य बेटियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा सुरक्षित और घर जैसा पोषणकारी वातावरण प्रदान करना है।

## हारट्रोन इंस्टीट्यूट का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

# विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

नृत्य, गीत, नाटक के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** हारट्रोन इंस्टीट्यूट का वार्षिक उत्सव में झूमती छात्राएं *फोटो : हरिभूमि*

अंबाला रोड स्थित सत्कार पैलेस में हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव "आगाज़" इस वर्ष बड़े ही भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों, छात्राओं, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों की भारी उपस्थिति ने इसे यादगार बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान जोश, उमंग और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत, नाटक और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### पंजाबी गीतों से समां बांधा

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार अमित ढुल रहे। उन्होंने अपने लोकप्रिय हरियाणवी, धार्मिक और पंजाबी गीतों से समां बांध दिया। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, पूरा हॉल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। उनके गीतों पर छात्र-छात्राएं झूमते नजर आए और माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। हारट्रोन के सेंटर हेड डा. बलविंद्र ढुल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जिसे सही दिशा और मंच मिलने पर निखारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि ये आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

### कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों ने हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया और सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में तहसीलदार डॉ. अनिल बिढ़ान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता भी विकसित होती है।

# जल संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी जरूरीः ज्योति सैनी

- महिला सरपंच बनें जल संरक्षण की अगुआ, गांव-गांव फैलाएं जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे "जल महोत्सव पखवाड़ा (8 मार्च से 22 मार्च 2026)" के तहत विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बी.डी.पी.ओ. हॉल, जाखौली अड्डा, कैथल में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा जन सहभागिता को सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति सैनी, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कैथल ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक कुमार, जिला सलाहकार (वासो), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक, कैथल द्वारा की गई।

कार्यक्रम में नारी शक्ति-जल सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत विषय को केंद्र में रखते हुए महिला प्रतिनिधियों, विशेषकर महिला सरपंचों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य अतिथि ज्योति सैनी ने कहा कि जल जीवन मिशन देश का एक महत्वाकांक्षी अभियान है, जिसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी से ही इसे सफल बनाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 45 लोगों ने लिया भाग



**जुलाना।** क्षेत्र के गांव करसोला में शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने 45 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. राजबीर सिंह मेमोरियल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के सचिव एडवोकेट परमजीत सिंह लाठर ने की। उन्होंने कहा कि संस्था समय.समय पर ऐसे रक्तदान शिविर आयोजित करती रहती है तथा विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से अजनबी से भी खून का रिश्ता जुड़ जाता है।

### राजौंद में मच्छरों का बढ़ा प्रकोप, राहगीर परेशान

**राजौंद।** क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन खासे परेशान हैं। खासकर शाम के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर निकलने वाले वाहन चालकों को मच्छरों की वजह से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालात यह हैं कि चलते समय मच्छर आंख, नाक और मुंह में घुस जाते हैं, जिससे वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार इससे बचने के प्रयास में चालक हादसों का शिकार भी हो जाते हैं। दुपहिया वाहन चालकों के लिए तो शाम के समय सड़क पर निकलना किसी जोखिम से कम नहीं है।

### सद्भाव यात्रा से होगा राजनीति बदलावः राकेश

**उचाना।** कांग्रेस नेता राकेश श्योकंद सदभाव यात्रा की शुरूआत से लेकर अब तक पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के कदम से कदम मिलाकर चल रहे है। फतेहबाद पहुंची यात्रा में बृजेंद्र सिंह की पत्नी जसमीत कौर के साथ वो यात्रा में शामिल हुए। बृजेंद्र सिंह का परिवार समय-समय पर यात्रा में शामिल होता है। उनकी पत्नी, बेटा, बेटी यात्रा में पहुंचते है। राकेश श्योकंद ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में निकाली जा रही पूरे प्रदेश में सदभाव यात्रा का लोगों का जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। बांगर के नरवाना हलके के दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे पर बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में पैदल सदभाव यात्रा शुरू की थी।

### आंबेडकर जयंती पर मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**उचाना।** पालवां गांव में स्थित वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास में वाल्मीकि समाज के बुद्धिजीवियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता हरियाणा वाल्मीकि महासभा के जिला प्रधान संजीव वैद बधाना ने की। मुख्य रूप से राज्य प्रधान महासचिव सत्यवान ढिलौड़ उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े स्तर पर वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास पालवां में मनाई जाएगी। इस मौके पर वाल्मीकि समाज के सीईटी पास करने वाले युवाओं, 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### ढाकल में पहुंची निःशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन

**जींद।** विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर सेवा व समर्पण के तहत शुरू की गई आदित्य निशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन नरवाना के गांव ढ़ाकल में पहुंचे इस चलते-फिरते अस्पताल में ग्रामवासियों को पूरी तरह निशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गई। वैन सेवा के संचालन व्यवस्था को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। गांव ढ़ाकल में इस वैन के साथ में डा. संजीव चौबे, डा. आशीष मित्तल, डा. संगीत गौर, डा. पंकज और स्टाफ की टीम ने भी अपनी सेवाएं दी।

## गैस सिलेंडर की किल्लत से लोग परेशान, एजेंसी खुलने से पहले लगी लंबी कतारें

# गैस सिलेंडरों की लाइनों में बीता उपभोक्ताओं का छुट्टी का दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रशासन भले ही गैस सिलेंडर की कोई कमी न होने के लाख दावे कर ले लेकिन गैस एजेंसियों के बाहर लग रही लंबी लाइनें कुछ ओर ही बयां कर रही हैं। रविवार को छुट्टी होने के बावजूद काफी संख्या में गैस सिलेंडर को लेकर पर्ची कटवाने के लिए एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों में लगे। दोपहर तक लोग लाइनों में लगे रहे और फिर कहीं जाकर उनका नंबर आया और उन्हें गैस सिलेंडर मिला। शहर में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर को लेकर कोई भी गैस एजेंसी ऐसी नही है, जिसके बार सिलेंडर लेने के लिए लाइन नही लगती हो। गैस एजेंसी खुलने से पहले ही उपभोक्ता एजेंसी के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगा लेते हैं। रविवार का दिन बीता गैस एजेंसी के बाहर लाइन में उपभोक्ता रवि, सुनील ने बताया कि वो दुकानों पर काम करते हैं। रविवार को छुट्टी थी। पहले एजेंसी द्वारा दिए गए नंबर पर कॉल कर सिलेंडर बुक करवा देते थे तो डिलीवरी घर पर हो जाती थी। अब सिलेंडर बुक करने में भी परेशानी आ रही है। डिलीवरी में भी काफी समय लगता है। ऐसे में उन्हें घंटों लाइन में खड़े रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्रशासन कहता है कि गैस सिलेंडरों की किल्लत नही है। फिर होम डिलीवरी में इतना समय क्यों लगता है। प्रशासन को चाहिए कि गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पहले की तरह ही करवाई जाए। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों और अस्पतालों को गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने में प्राथमिकता दी जाएगी।

### गैस सिलेंडर पर्ची के लिए घंटों इंतजार को मजबूर उपभोक्ता




जींद। रविवार को छुट्टी के बावजूद सिलेंडर के लिए लाइनों में लगे उपभोक्ता। फोटो: हरिभूमि

### शहर में 25 तो गांव में 45 दिन में मिलेगी गैस

*जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डीएफएससी राजेश कुमार आर्य ने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस की किल्लत किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह समय पर उपभोक्ताओं को सिलिंडर उपलब्ध कराएं और वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। शहर में उपभोक्ताओं को 25 तो गांव में 45 दिन में सिलिंडर मिलेंगे।*

### सिलेंडरों का अनावश्यक भंडारण न करें : डीसी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गैस सिलेंडरों का अनावश्यक भंडारण न करें और आवश्यकता के अनुसार ही उपयोग करें ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके और किसी को भी अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

### गैस सिलेंडरों की किल्लत के चलते लोगों को याद आए पुराने दिन



**उचाना।** कुछ दिनों से गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते लोगों को पुराने दिनों की याद आने लगी है। पहले की तरह अब घरों में चूल्हे पर रोटियां, सब्जी महिलाएं बनाने लगी है तो इलेक्ट्रोनिक्स चूल्हों की डिमांड भी कुछ दिनों से बढ़ रही है। गैस सिलेंडर को लेकर निर्धारित किए गए गांव के 45, शहर में 25 दिनों के चलते गैस सिलेंडर न मिलने पर महिलाए चूल्हे एवं इलेक्ट्रोनिक्स चूल्हे का प्रयोग करने लगी है। समय के साथ बदलाव होने के चूल्हे घरों में बहुत कम नजर आते थे। अब गैस सिलेंडर मिलने में होने वाली देरी से चूल्हे फिर से घरों में नजर आने लगे है। घर के बुजुर्गों का कहना है कि पुराने दिनों की याद दोबारा से ताजा हो रही है। काफी समय से चूल्हों पर गैस सिलेंडर घर-घर होने के चलते रोटी, सब्जियां बननी बंद हो गई थी।कमला, बिमला, भतेरी, कृष्णा ने कहा कि गैस सिलेंडर की किल्लत है।

### जिला में स्टॉक पर्याप्त, नागरिकों को निर्बाध रूप से उपलब्ध करवाए जा रहे सिलेंडर : अपराजिता



**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि जिला में गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला वासियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। आमजन किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। जिला में 20 गैस एजेंसी के माध्यम से निर्बाध रूप से गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को निर्धारित 25 दिन के अंतराल के बाद गैस सिलेंडर मिल रहा है। इस समय जिले में रसोई गैस से संबंधित कोई कमी नहीं है। लोगों को उनकी बुकिंग के समय पर सिलेंडर मिल रहा है। सिलेंडर का स्टॉक न करें। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय के दूरभाष नंबर 01746-224243 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

क्षेत्रवार निरीक्षक किए नियुक्त
- कैथल में निरीक्षक संदीप कुमार (97290-14247)
- सीवन में निरीक्षिका भतेरी कुमारी (70152-90434)
- चीका में निरीक्षक सुरेंद्र सिंह (79887-45331)
- ढांड में निरीक्षक सतीश (94666-30277)
- पूंडरी में निरीक्षक मुकेश कुमार (98135-59166)
- राजौंद में निरीक्षक राममेहर (79887-84240)

## कुलवंत नगर में जागरण एवं भंडारा आयोजित

# धार्मिक कार्यक्रम से समाज की व्यवस्था होती मजबूत : अनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत शहर के कुलवंत नगर में माता रानी के पावन नवरात्रों के बीच युवा शक्ति कल्ब की तरफ से मां भगवती विशाल जागरण एवं अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया। कलायत विधानसभा से आजाद प्रत्याशी रही अनीता ढुल बढ़सीकरी ने समाज सेवी राजेश अंबरसर के साथ महामाई की जोत जगाकर धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान युवा शक्ति कल्ब के साथ-साथ विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन में नगर पालिका जन प्रतिनिधियों को भी सम्मान से नवाजा गया। अनीता ढुल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम भारती संस्कृति का आभूषण हैं। इससे समाज की व्यवस्था मजबूत होती है। नकारात्मक सोच से ऊपर उठकर सकारात्मक दिशा में काम करने का जज्बा पैदा होता है। इसलिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन वक्त की बड़ी मांग है। ढुल ने कहा कि बेशक वे 2024 का विस चुनाव हार गई हों। कलायत उनका जन्म क्षेत्र एवं कर्म क्षेत्र है। इसकी सेवा में वे जीवन पर्यन्त लगी रहेंगी। जागरण में विख्यात भजन गायक प्रवीण चांवरिया व महक कौशिक मुख्य रूप से शामिल रही। रमेश कौशिक ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। जागरण के दौरान जीवंत झांकियों की भी प्रस्तुति दी गई जिनका श्रद्धालुओं ने जम कर आनंद उठाया। अनीता ढुल ने भव्य धार्मिक आयोजन पर नगरवासियों को शुभकामनाएं दीं।





**कलायत।** में भव्य विशाल जागरण में आयोजकों के साथ मां की पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करती अनीता ढुल बढ़सीकरी व राजेश अंबरसर। व जागरण के दौरान झांकी की प्रस्तुति देते कलाकार फोटो: हरिभूमि

### भजनों के साथ-साथ आकर्षक झांकियां निकाली

युवा शक्ति कल्ब की तरफ से वार्ड 14 पार्षद प्रतिनिधि संजय धीमान ने बताया की उनकी संस्था हर वर्ष नवरात्रि के दौरान विशाल जागरण का आयोजन करती है। मुख्य अतिथि के तौर पर आयोजन में विधानसभा प्रत्याशी रही अनीता ढुल का पहुंचना नारी सम्मान व समाज सेवा का संदेश है। जागरण में भजनों के साथ-साथ आकर्षक झांकियों की झलक से श्रद्धालु उत्साहित दिखे।

### जुलाना से धर्मेंद्र ढुल ने छोड़ी कांग्रेस

**जींद।** जुलाना क्षेत्र से दो बार कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रो. धर्मेंद्र ढुल ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया है। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र को भेजे इस्तीफे में प्रो. धर्मेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की सदस्यता के साथ-साथ सभी तरह के कार्यभार से मुक्त होना चाहते हैं। इसलिए उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाए। प्रो. धर्मेंद्र ढुल के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। प्रोण धर्मेंद्र ढुल कांग्रेस की टिकट पर दो बार चुनाव लड़ चुके हैं। प्रो. ढुल ने साल 2019 में हुए विधानसभा चुनावों में जुलाना से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में जेजेपी के अमरजीत ढांडा जीते थे और प्रो. धर्मेंद्र ढुल अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे। प्रो. ढुल को 2019 में कांग्रेस की टिकट पर 12 हजार 240 वोट मिले थे और वह जेजेपी के अमरजीत ढांडा, भाजपा के परमेंद्र ढुल के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। इससे पहले साल 2014 में भी प्रो. धर्मेंद्र ढुल को कांग्रेस की टिकट मिली थी लेकिन उस समय भाजपा और नरेंद्र मोदी की आंधी में वह अपनी सीट नहीं बचा पाए थे।

# चार को सफीदों की नई अनाज मंडी में सीएम विकास रैली को करेंगे संबोधित

### विकास रैली की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें अधिकारी : गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि आगामी चार अप्रैल को नई अनाज मंडी में विकास रैली का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाली इस रैली को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये की योजनाओं व परियोजनाओ की घोषणा करेंगे। जिससे विधान सभा हलका की तस्वीर बदलेगी। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री की विकास रैली को लेकर सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग पूरी तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। विधायक रामकुमार गौतम रविवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में विधानसभा के कार्यकर्ताओं, सरपंचों, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य रैली की तैयारियों की समीक्षा करना तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यवस्था तय करना था। उन्होंने कहा कि यह रैली हलका सफीदों के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। लिहाजा सभी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और मांगों को चिन्हित कर उनकी एक व्यवस्थित सूची तैयार करें। इस सूची को रैली के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार गौतम।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, जुलाना से भाजपा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश, चेयरमैन रोहताश शर्मा, चंद्र सैनी, युवा जिला उपाध्यक्ष भाजपा सक्षम भाटिया, सरपंच मुआना श्याम लाल शर्मा, विनोद कौशल, मनोनीत पार्षद हरीश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों ने योग में चार स्वर्ण पदक जीते



जींद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामलो कलां के प्राचार्य शिवनारायण शर्मा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़ा खेड़ा लाठर के प्राचार्य श्याम देव ने योग की विधा लयात्मक युगल 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर खंड जुलाना, जींद व हरियाणा का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार यशोदा रानी जोकि वर्तमान में प्राध्यापिका रसायन विज्ञान के तौर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद में कार्यरत हैं ने भी 40-50 आयु वर्ग में पारम्परिक एकल में एवं लयात्मक युगल में प्रथम स्थान हासिल करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। इस प्रकार जींद के खिलाड़ियों ने कुल चार स्वर्ण पदक जीते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन 17 मार्च से 21 मार्च तक चंडीगढ़ में किया गया। प्राचार्य शिवनारायण शर्मा ने बताया कि 21 मार्च को प्रतियोगिता के अंतिम दिन पारितोषिक वितरण समारोह एवं समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को मुख्यअतिथि स्पोर्टस सेक्रेटरी प्रेरणा पुरी, संयुक्त निदेशक डा. महेंद्र सिंह व केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड कन्वीनर नीवा सिंह द्वारा पदक, प्रमाण पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। हरियाणा की टीम ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में कुल 10 स्वर्ण व चार रजत पदक तथा पांच कांस्य पदक प्राप्त किए। जिसमें अकेले जींद जिले की झोली में चार स्वर्ण पदक आए हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद सुभाष बराला का पूंडरी में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के पूंडरी आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 152 डी टोल प्लाजा पर उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं व नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़ और मार्केट कमेटी पूंडरी के वाइस चेयरमैन देवीदयाल बरसाना विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मनीष कठवाड़ व देवीदयाल बरसाना ने कहा कि सुभाष बराला का नेतृत्व पार्टी के लिए मार्गदर्शक है और उनके मार्गदर्शन में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र और प्रदेश में विकास को नई गति मिली है, जिससे कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इसी तरह एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करें और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।



**पूंडरी ।** सांसद सुभाष बराला का स्वागत करते मनीष कठवाड़ व देवीदयाल बरसाना।

### नीमवाला गांव में फील्ड स्कूल का आयोजन



**राजौंद ।** राजौंद खंड के गांव नीमवाला में रविवार को फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन तथा खेती विरासत मिशन के संयुक्त सहयोग से फील्ड स्कूल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कॉर्डिनेटर सुभाष वशिष्ठ ने किसानों को आधुनिक एवं सतत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को गेहूं की ट्रिपल एस विधि से बुवाई के बारे में समझाया गया। साथ ही धान की फसल के अवशेषों के साथ गेहूं की बुवाई करने के लाभ भी बताए गए। इसके अलावा धान की डीएसआर (डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस) विधि के फायदे भी किसानों को विस्तार से समझाए गए। सुभाष वशिष्ठ ने बताया कि गेहूं की सतही बुवाई से कई लाभ होते हैं। इससे धान के अवशेषों का बेहतर प्रबंधन होता है, खरपतवार नियंत्रण में मदद मिलती है, पानी की खपत कम होती है तथा फसल गिरने (लॉजिंग) की समस्या नहीं आती। इसके साथ ही किसानों की आय में वृद्धि होती है और भूमि की सेहत में सुधार होता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि **FAO** और खेती विरासत मिशन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीकों और सतत प्रथाओं के साथ जोड़कर किसानों की आजीविका को मजबूत करना है। इस पहल के तहत प्राकृतिक खेती, एग्रोफोरेस्ट्री और अन्य प्रगतिशील कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे छोटे किसानों को अधिक उत्पादन और बेहतर आय के अवसर मिल सकें।

## खेल | घिमाना में नशा मुक्ति खेल महोत्सव के तहत नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

# नशे से दूर रह कर युवा शिक्षा-खेल में बनाएं पहचानः सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के घिमाना गांव में रविवार को ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से शहीद सम्मान एवं नशा मुक्ति खेल महोत्स० के अंतर्गत नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा व खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भावुक और उत्साहपूर्ण बना दिया। पूरे आयोजन में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता का विशेष संदेश देखने को मिला। अपने संबोधन में राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि नशा समाज और विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। नशे की आदत व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर बना देती है। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य तय करें और खेलों व शिक्षा के माध्यम से उसे हासिल करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश में शिक्षा और खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, जहां हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन अवसरों का लाभ उठाएं और अपने गांव व प्रदेश का गौरव बढ़ाएं। कार्यक्रम के दौरान राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने गांव में एक करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से बनने वाली फिरनी (सड़क) का शिलान्यास भी किया। सरपंच प्रतिनिधि संदीप खोखर के अनुसार प्रतियोगिता 23 मार्च तक चलेगी और समापन अवसर पर विजेता टीमों को नगद पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।



**जींद।** घिमाना गांव में आयोजित समारोह को संबोधित राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डा. गजेंद्र अहलावत, सरपंच कविता देवी, संदीप खोखर, शमशेर सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मूलभूत सुविधाओं को तरसे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के वार्ड नंबर 8 में मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति ने स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। क्षेत्र में पीने के स्वच्छ पानी की भारी किल्लत, गंदे सीवरेज का ओवरफ्लो, सफाई व्यवस्था की लचर हालत और खराब स्ट्रीट लाइटों के कारण लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नियमित रूप से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जो पानी आता भी है, वह गंदा और बदबूदार होता है जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सीवरेज व्यवस्था की हालत और भी खराब है। कई गलियों में सीवरेज का पानी सडक़ों पर बह रहा है जिससे गंदगी फैल रही है और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बदबू के कारण आसपास रहना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई नजर आती है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।



कैथल। टूटे पड़े बैंच और गंदगी की मुंह बोलती तस्वीर।

### पार्षद प्रतिनिधि नहीं उठाते फोन

नगर पार्षद प्रतिनिधि संजय ने पहले तो उन्होंने व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया लेकिन अब पिछले कुछ दिनों से उन्होंने फोन ही उठाना बंद कर दिया है। साफ जाहिर है कि वे वार्ड नंबर 8 के प्रति गंभीर नहीं हैं। कोई जिए, मरे, बीमारी फैले उनको कोई फर्क नहीं पड़ता।